दैनिक जागरण 11/09/2025

# भारतीय संस्कृति और परंपरा की आत्मा है हिंदी : डा. रोहित



जीएमएन कालेज में कार्यक्रम के दौरान मौजूद विद्यार्थी। • विज्ञप्ति

**अंबाला (विज्ञप्ति)**: गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला छावनी के हिंदी विभाग एवं हिंदी साहित्य परिषद् ने 10 सितंबर 2025 को राजकीय वरिष्ठ विद्यालय बीसी बाजार में एक विशेष आउटरीच गतिविधि का आयोजन किया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति जागरूकता बढ़ाना, उन्हें हिंदी के साहित्यिक, शैक्षणिक एवं व्यावसायिक महत्व से अवगत कराना और समाज में हिंदी की उपयोगिता को पुनः स्थापित करना था। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि "हिंदी भाषा समाज को जोड़ने का कार्य करती है और आज की पीढ़ी को इसे आत्मसम्मान के साथ अपनाना चाहिए।" इस अवसर पर हिंदी विभागाध्यक्ष डा. रितु गुप्ता, डा. राजेंद्र देशवाल, डा. अनीश कुमार आदि उपस्थित रहे।

इसके अतिरिक्त, कालेज में लीगल लिटरेसी सेल ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अंबाला एवं इदरीश फाउंडेशन के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर बच्चों के अधिकारों पर जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया।